**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**22.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**प्रधानमंत्री अमृत स्टेशन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट करके पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। राजस्थान के बीकानेर में आज एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों को कार्रवाई करने की पूरी छूट दी थी, इससे तीनों सेनाओं को अपने लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिली है, और पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान कभी भी भारत से प्रत्यक्ष युद्ध में नहीं जीत सकता, इसलिए वह आतंकवाद को बढ़ावा देकर छद्म युद्ध में शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से निपटने के लिए तीन सिद्धांत तय किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत हर आतंकवादी हमले का मुंहतोड़ जवाब देगा और इसका तरीका देश की सेना तय करेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत परमाणु खतरों से डरने वाला नहीं है और पाकिस्तान के सरकारी और गैर सरकारी तत्वों का खेल अब नहीं चलेगा। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत के हक का पानी पाकिस्तान को नहीं मिलेगा। पाकिस्तान को भारतीयों के खून से खेलने की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ न तो व्यापार होगा और न ही बातचीत होगी और बातचीत सिर्फ पाक अधिकृत कश्मीर पर केंद्रित होगी। इससे पहले, बीकानेर के पलाना में सार्वजनिक समारोह के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री ने 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में वर्चुअल माध्यम से एक सौ 3 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन भी किया। इनमें कांगड़ा जिला में बैजनाथ–पपरोला रेलवे स्टेशन भी शामिल है। इस दौरान बैजनाथ–पपरोला स्टेशन पर कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजीव भारद्वाज और राज्यसभा सांसद इंदू गोस्वामी विशेष रूप से मौजूद रहे।

---

**तिरंगा यात्रा**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर भाजपा द्वारा जहां देशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है वहीं अब कांग्रेस भी देश में वीरों के सम्मान में जय हिंद रैली का आयोजन कर रही है। कांग्रेस पार्टी 30 मई को शिमला में रैली का आयोजन करेगी जिसके बाद सभी जिलों में जय हिंद रैली निकाली जाएगी। मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि भारत–पाकिस्तान युद्ध में जिस तरह से सेना ने अपना पराक्रम दिखाया है

उसको देखते हुए कांग्रेस पूरे देश भर में सेना के सम्मान में जय हिंद रैली का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सेना के मनोबल को बढ़ाने और सेना के सम्मान में जय हिंद रैली निकाल रही है।

---

**राजस्व मंत्री**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि जनवरी, 2008 से वन अधिकार नियम लागू किया गया है। शिमला में कल एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। जगत सिंह नेगी ने कहा कि एफआरए 2006 के तहत अनुसूचित जनजाति व अन्य सभी श्रेणी के सदस्य या समुदाय जो 13 दिसंबर, 2005 से पहले कम से कम तीन पीढ़ियों से प्राथमिक रूप से वन भूमि पर निवास करते आ रहे हैं और अपनी आजीविका के लिए वन या वन भूमि पर निर्भर हैं, उन्हें भूमि का अधिकार दिया जाएगा। राजस्व मंत्री ने बैठक में एफआरए के कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

---

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के दौरान राज्य के निचले व मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर गरज के साथ वर्षा व ओलावृष्टि का ऑरेंज अर्लट जारी किया है। इस बीच पिछले कुछ दिनों से ऊना जिला में बढ़ते तापमान और लू चलने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है।

---